NCRES

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

R. P. Singh
Gen. Secretary
&
Joint Gen. Secretary-NFIR

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 195/NCRES/80/23 Date : 2.10.2023

श्रीमान प्रधान मुख्य विद्युत अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— कर्मचारियों हेतु बिना किसी सुविधा के DFCCIL का न्यू कानपुर स्टेशन चालू किया जाना — व्यापक सुधार हेतु।

महोदय,

अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में DFCCIL (Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited) के नये स्टेशनो पर कर्मचारियों को बिना कोई सुविधा प्रदान किये पोस्ट किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों को प्रतिदिन ड्यूटी करने हेतु ही अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि DFCCIL के अधिकतर स्टेशन आबादी से बहुत दूर बनाये गये है और वर्तमान में मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु सड़क भी नही है।

अवगत कराना है कि न्यू कानपुर स्टेशन जी.एम.सी. लाबी से 30 किमी. दूर रूमा एवं सरसौल स्टेशन के बीच स्थित है एवं इस स्टेशन पर पहुँचने हेतु कोई पक्की सड़क नही है फिर भी कर्मचारियों को पोस्ट कर दिया गया जब कि वहाँ कर्मचारियों हेतु मूलभूत सुविधायें जैसे आवास, बिजली, पानी, राशन आदि सहित चिकित्सकीय सुविधा की भी कोई व्यवस्था नही है।

रनिंग स्टाफ को सुविधा प्रदान करने व संरक्षा की दृष्टिकोण से कर्मचारियों को जी.एम.सी. लाबी से न्यू कानपुर स्टेशन तक ले जाने व ले आने के लिये वाहन की व्यवस्था की गई है लेकिन अधिकतर वाहन रनिंग स्टाफ को जी.एम.सी. से न्यू कानपुर स्टेशन ले जाने व लाने के बजाय अन्य के सेवा कार्य में लगे है जिसके कारण रनिंग स्टाफ को अपने वाहन मोटर साइकिल से 30 किमी. चल कर ड्यूटी करना पड़ता है जो रेल संरक्षा के लिये उचित नही है। इसी प्रकार 12—14 घंटे की तनावपूर्ण ड्यिूटी कर 30 किमी. वापस जाना भी लोको पायलट की व्यक्तिगत सुरक्षा के लिये ठीक नही है एवं इसी कारण दिनांक 14.9.2023 को ड्यिूटी आफ कर अपने घर जाते समय सहायक लोको पायलट श्री दिवांशु दूबे की सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल होने के पश्चात अस्पताल पहुंचते—पहुंचते मृत्यु हो गई।

यह भी संज्ञान में आया है कि न्यू सुजातपुर, न्यू करछना में भी आगे चल कर लोको पायलटो को पोस्ट किया जायेगा, जब कि वहां भी कर्मचारियों हेतु मूलभूत सुविधाओं की कोई व्यवस्था नही है।

अतः NCRES की मांग है कि अब न्यू कानपुर सहित DFCCIL के समस्त हेडक्वाटर स्टेशन पर तब तक अन्य कर्मचारियों को पोस्ट न किया जाय जब तक वहां पक्की अप्रोच रोड, कर्मचारी आवास, बिजली, पानी, चिकित्सा सुविधा आदि की सम्पूर्ण सुविधा प्रदान न कर दिया जाय। इसके अतिरिक्त कोहरे के मौसम में या प्राइवेट वाहन पर्याप्त न होने पर GMC से न्यू कानपुर 3rd लाइन के द्वारा लाइट इंजन से रनिंग स्टाफ को ड्यूटी स्थल पर पहुँचने की व्यवस्था की जाय ताकि कर्मचारी समय से एवं सुरक्षित रूप से तनावमुक्त होकर अपनी ड्यूटी पूरी कर सकें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री